कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 12-06-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा मा0 प्रधानमंत्री भारत सरकार के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया।

आज दिनांक 12.06.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा मण्डलायुक्त वाराणसी मण्डल श्री कौशल राज शर्मा के साथ मा0 प्रधानमंत्री भारत सरकार महोदय के कमिश्नरेट वाराणसी में प्रस्तावित आगमन/भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल मेंहदीगंज का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध डॉ0 के0 एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस0 चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त यातायात श्री हृदेश कुमार, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन श्री मनीष कुमार शांडिल्य, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात श्री राजेश कुमार पाण्डेय, अपर पुलिस उपायुक्त गोमती जोन श्री आकाश पटेल, अपर पुलिस उपायुक्त प्रोटोकॉल श्री कृष्ण कान्त सरोज व सम्बन्धित सहायक पुलिस आयुक्त एवं थाना प्रभारी एवं यातायात के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल मेंहदीगंज का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा सम्बन्धी व्यवस्थाओं, वीवीआईपी व आमजनता के आवागमन, पार्किंग व्यवस्था एवं यातायात प्रबन्धन की समीक्षा करते हुए सभी तैयारियों को समय से पूर्ण कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।